(भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति द्वारा संचालित)

# गुरूकुल महिला महाविद्यालय



शिक्षा वह नींव है
जिस पर हम अपने भविष्य का
निर्माण करते हैं !

## प्रवेश
## विवरण पुस्तिका
## 2019-20

# स्व. डॉ. अरूण कुमार सेन

## संस्थापक अध्यक्ष



बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, भारतीय संगीत के प्रति पूर्ण समर्पित, तपस्वी साधक एवं अंचल के उज्वल नक्षत्र स्व. डॉ. अरूण कुमार सेन अपनी अद्‍भूत बुद्धिमता, अथक परिश्रम, अविचल कर्त्तव्यनिष्ठा एवं स्वभावगत मधुरता के लिए एक अनुकरणीय आदर्श थे। उनके कृतित्व की स्मृति आज पर्यन्त चिरस्थायी है। वे एक महान संगीतज्ञ, ख्यातिलब्ध शिक्षाविद, समाजसेवी, नारी शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित तथा नाट्‍य-नृत्य एवं अन्य ललितकलाओ के विकास के लिए सदैव तत्पर रहे। कर्म ही पूजा है यह सुक्ति आजीवन उनकी युक्ति बनी रही।

प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मानसिक संतुलन न खोना, व्यवहार में सामान्यता बनाये रखना उनकी चारित्रिक विशेषता रही। भारतीय संस्कृति, साहित्य, कला को समृद्ध करने तथा सत्यम् शिवम सुन्दरम् के उदान्त भावों का विन्यास करने में छत्तीसगढ़ का अवदान ऐतिहासिक और विशिष्ठ ही नहीं वरन उनके लिए मूल्यवान रहा। संगीत और साहित्य में प्रतिभा संपन्न होने के साथ ही, विभिन्न लोकविधाओं में आपकी प्रतिभा मुखर हुई हैं। यही सृजन आपकी अप्रतिम विद्धता, चिंताशीलन और सौन्दर्यवेदित्व की सशक्त अभिव्यंजना बनी। सुगंध, चंदन का स्वाभाविक गुण है। यत्र-तत्र रखने पर भी वह न केवल स्वयं महकता है, वरन् संपूर्ण वातावरण में भी अपनी सुगंध बिखरा देता है। चंदन सा महकता व्यक्तित्व पाया था, डॉ. अरूण कुमार सेन ने आज भी खुशबू अपने यशरूपी भाव से आपके होने का एहसास निरंतर कर रहा है।



# अध्यक्ष की कलम से...

किसी भी समाज की प्रकृति शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है | शिक्षा वह औषधि है जिससे समाज की हर बीमारी का ईलाज हो सकता है | छात्र एक लघु पादप की तरह होता है जिसका सही सिंचन और संरक्षण विशाल वृक्षत्व का आकार देती है | गुरुकुल महिला महाविद्यालय में छात्राओं के संपूर्ण विकास की सभी सुविधायें उपलब्ध है | हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नही है अपितु व्यवहारिक ज्ञान है | स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की दिशा में कार्य करता हुआ महाविद्यालय अपने स्थापना काल से इस दिशा में प्रयासरत है |

**श्री तरल मोदी**

अध्यक्ष

भारतखण्डे ललितकला शिक्षण समिति



# प्राचार्य की कलम से...

गुरूकुल महिला महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति विशेष को नहीं अपितु समाज को शिक्षित बनाना है। अतः महाविद्यालय परिवार शिक्षा दान को शिक्षा अभियान में बदलने हेतु प्रयासरत् है। जब एक नारी शिक्षित होती है तो एक परिवार शिक्षित होता है और समाज तथा देश को शिक्षित बनाने में योगदान देता है।

अतः यह महाविद्यालय नारी शिक्षा हेतु कार्यरत् है। यद्यपि नारी कभी परम् स्वतंत्र नहीं रही है। उसका जीवन सदैव किसी न किसी के अधीन रहा है। मगर अवरोधों को पार करने का हौसला उसमें सदा से रहा है। वर्तमान में इन्हीं हौसलों का पौधा फल–फूलकर सशक्त पेड़ बन गया है, और इस सशक्तिकरण का मुख्य कारण है नारी को मिलने वाली उच्च शिक्षा।

शिक्षा के प्रभाव से ही नारी ने अपने आप को तराशा है और हर क्षेत्र में कामयाबी की जीत हासिल की है। उच्च शिक्षा जगत में शुक्र ग्रह सा प्रकाश लेकर आयी है नारी। इससे महिलाओं की चेतना विकसित हुई है। वह अपने कर्त्तव्यों और अधिकारों से परिचित हुई है। नारीत्व को सुरक्षित रखते हुए उन्हें सही दिशा दिखाना हमारा उद्देश्य है। शुभकामनाओं सहित

**डॉ. संध्या गुप्ता**
प्राचार्य

(भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति द्वारा संचालित)

# गुरूकुल महिला महाविद्यालय

(पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त)

गुरूकुल परिसर, कालीबाड़ी पथ, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-4053443

## संक्षिप्त परिचय

भातखण्डे ललित कला शिक्षा समिति, रायपुर के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अरूण कुमार सेन ने आजीवन नारी शिक्षा के उत्थान, विकास एवं समृद्धि हेतु प्रयास किये। अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सन् 1950 में कमला देवी संगीत महाविद्यालय, 1953 में लक्ष्मीनारायण कन्या उ.मा. शाला रायपुर की स्थापना कर नारी शिक्षा की नींव डाली। नारी शिक्षा को नया आयाम प्रदान करने हेतु वर्ष 2001 में गुरूकुल महिला महाविद्यालय की स्थापना की गई। रायपुर नगर का प्रथम सूचना एवं प्रौद्योगिक महिला महाविद्यालय नगर के हृदयस्थल कालीबाड़ी रोड, गुरूकुल परिसर में स्थित इस महाविद्यालय का सर्वसुविधायुक्त भवन है जिसमें पर्याप्त अध्ययनकक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, खेलकूद का मैदान एवं अन्य विभाग एवं अनुभाग स्थापित है। नव पल्लवित, नव विकसित एवं नवगठित राज्य के तुरंत बाद स्थापित यह महाविद्यालय अपने भवन, परिसर, प्रध्यापकगण एवं छात्राओं सहित श्रेष्ठता की परिभाषा में जाना जाता हैं।

## समिति के द्वारा संचालित अन्य संस्थाएं निम्नलिखित हैं -

1. कमलादेवी संगीत महाविद्यालय, रायपुर, स्थापित 1950 गायन वादन एवं नृत्य के क्षेत्र में स्नातकोत्तर स्तर तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्थायी मान्यता प्राप्त है।
2. लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, रायपुर, स्थापित 1953 नगर का प्रथम अशासकीय अनुदान प्राप्त कन्या उ. मा. शाला है जिसे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।
3. रंगमंदिर प्रेक्षागृह, रायपुर स्थापित - 1965, छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह अद्भूत प्रेक्षागृह है जिससे लगभग 800 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। अंचल का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त प्रेक्षागृह हैं जिससे सामाजिक, सांस्कृतिक, कॉन्फ्रेस, सेमीनार, साहित्य, संगीत आदि से संबंधित समारोहों के आयोजन की समुचित व्यवस्था हैं। प्रेक्षागृह में 40×30 फूट का विशाल आर्कषक स्टेज है।
4. गुरूकुल प्रेक्षागृह, कालीबाड़ी रोड, रायपुर, स्थापित 1994 इस प्रेक्षागृह में लगभग 400 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। तथा 20×15 फीट का स्टेज है। इसका उपयोग संस्थाओं के सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न प्रकार की बैठक सेमीनार आदि के लिए किया जाता है।

# संचालित पाठ्य्क्रम

**बी.कॉम.**
100 सीट

**बी.कॉम**
कम्प्यूटर
100 सीट

**एम.कॉम.**
4 सेमेस्टर
30 सीट

**बी.सी.ए**
त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम
30 सीट

**डी.सी.ए.**
2 सेमेस्टर
60 सीट

**पी.जी.डी.सी.ए.**
2 सेमेस्टर
60 सीट

**बी.एस.सी.**
गणित/भौतिकी/
कम्प्यूटर
50 सीट

**बी.एस.सी.**
गणित/भौतिकी/
रसायन
50 सीट

**बी.एस.सी.**
जंतु विज्ञान/रसायन
वनस्पतिशास्त्र
50 सीट

(भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति द्वारा संचालित)

# गुरूकुल महिला महाविद्यालय



# महाविद्यालय में उपलब्ध अध्ययन व्यवस्था

महाविद्यालय का वर्तमान सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ होगा। वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय एवं कम्प्यूटर संकाय का अध्यापन प्रतिदिन प्रातः 07:30 बजे से प्रारंभ होगा। सभी पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। नि. लि. संकायों में अध्ययन की व्यवस्था उपलब्ध है।

## 1. वाणिज्य संकाय – बी. कॉम. (सभी अनिवार्य विषय एवं कम्प्यूटर सहित)

किसी भी विषय से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रा स्नातक स्तर की प्रथम वर्ष में प्रवेश की पात्रता रखती है।

## 2. विज्ञान संकाय –

निम्नलिखित समूहों में स्नातक स्तर के अध्यापन की सुविधा उपलब्ध है।

(अ) वनस्पति शास्त्र, जन्तुविज्ञान, रसायन शास्त्र

(ब) भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र

(स) गणित, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिक शास्त्र

## 3. कम्प्यूटर संकाय –

निम्नानुसार कम्प्यूटर में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है–

**(अ) बी.सी.ए. –** किसी भी विषय में बारहवीं उत्तीर्ण छात्रा बी.सी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश की पात्रता रखती है। गणित समूह में उत्तीर्ण छात्राओं को ब्रिजकोर्स नहीं पढ़ना है, परंतु अन्य विषय से बारहवीं उत्तीर्ण छात्राओं को स्नातक स्तर के किसी भी विषय में ब्रिजकोर्स की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है अन्यथा किसी भी स्थिति में स्नातक की पात्रता नहीं रहेगी।

**(ब) पी.जी.डी.सी.ए. –** एक वर्षीय दो सेमेस्टर डिप्लोमा पाठ्यक्रम – किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्रा पी.जी.डी.सी.ए. के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की पात्रता रखती है।

**(स) डी.सी.ए. –** एक वर्षीय दो सेमेस्टर डिप्लोमा पाठ्यक्रम – किसी भी विषय से बारहवीं उत्तीर्ण छात्रा डी.सी.ए. के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की पात्रता रखती है।

## 4. स्नातकोत्तर पाठयक्रम –

**एम.कॉम. –** (द्विवर्षीय चार सेमेस्टर पाठ्यक्रम)–

वाणिज्य संकाय में स्नातक उत्तीर्ण छात्रा स्नातकोत्तर में प्रवेश की पात्रता रखती हैं।

# शिक्षण शुल्क संबंधी जानकारी एवं नियम
# वाणिज्य संकाय

| मद | बी.कॉम प्रथम (प्लेन) | बी.कॉम प्रथम (कम्प्यूटर) | एम.काम प्रथम / द्वितीय |
|---|---|---|---|
| प्रवेश एवं अन्य | 3500 | 4500 | 3500 |
| वार्षिक शुल्क | 7000 | 7500 | 8000 |
| कुल | 10500 | 12000 | 11500 |
| प्रथम किश्त (प्रवेश के समय) | 7500 | 9000 | 7500 |
| द्वितीय किश्त | 3000 | 3000 | 4000 |

नोट : प्रथम वर्ष उत्तीर्ण छात्राओं को द्वितीय व तृतीय वर्ष के प्रथम किश्त में कॉशन मनी जमा नहीं करना है।

| मद | बी.कॉम द्वितीय / तृतीय (प्लेन) | बी.कॉम द्वितीय / तृतीय (कम्प्यूटर) | एम.काम तृतीय / चतुर्थ |
|---|---|---|---|
| प्रवेश एवं अन्य | 3050 | 4050 | 1550 |
| वार्षिक शुल्क | 7000 | 7000 | 5000 |
| कुल | 10050 | 11050 | 6550 |
| प्रथम किश्त (प्रवेश के समय) | 6550 | 7550 | 4050 |
| द्वितीय किश्त | 3500 | 3500 | 2500 |

# गुरुकुल महिला महाविद्यालय

## विज्ञान संकाय

| मद | बी.एस.सी. प्रथम (बायो / मैथ्स) | बी.एस.सी. प्रथम (कम्प्यूटर) |
|---|---|---|
| प्रवेश एवं अन्य | 4500 | 4500 |
| वार्षिक शुल्क | 7500 | 8500 |
| कुल | 12000 | 13000 |
| प्रथम किश्त (प्रवेश के समय) | 9000 | 10000 |
| द्वितीय किश्त | 3000 | 3000 |

नोट : प्रथम वर्ष उत्तीर्ण छात्राओं को द्वितीय व तृतीय वर्ष के प्रथम किश्त में कॉशन मनी जमा नहीं करना है।

| मद | बी.एस.सी. द्वितीय / तृतीय (बायो / मैथ्स) | बी.एस.सी. द्वितीय / तृतीय (कम्प्यूटर) |
|---|---|---|
| प्रवेश एवं अन्य | 4050 | 4050 |
| वार्षिक शुल्क | 7000 | 8000 |
| कुल | 11050 | 12050 |
| प्रथम किश्त (प्रवेश के समय) | 7550 | 8550 |
| द्वितीय किश्त | 3500 | 3500 |

# अन्य व्यवसायिक पाठ्यक्रम

| मद | बी.सी.ए. प्रथम | बी.सी.ए. द्वितीय / तृतीय | डी.सी.ए. |
|---|---|---|---|
| प्रवेश एवं अन्य | 4500 | 4050 | 4500 |
| वार्षिक शुल्क | 16500 | 16500 | 7500 |
| कुल | 21000 | 20550 | 12000 |
| प्रथम किश्त (प्रवेश के समय) | 13000 | 12050 | 9000 |
| द्वितीय किश्त | 8000 | 8500 | 3000 |

**नोट :** सभी संकायों के शिक्षण शुल्क की किश्तों को समयावधि में जमा करना आवश्यक है अन्यथा प्रत्येक किश्त के साथ 100 रू. विलम्ब शुल्क जमा करना होगा। प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष पूरक छात्राओं को फीस की प्रथम किश्त समयावधि में जमाकर अस्थायी प्रवेश लेना आवश्यक है।

टीप :

1. निर्धारित तिथि पश्चात् प्रतिदिन 10 रू. विलम्ब शुल्क अधिकतम शुल्क 100 रू.।
2. सत्र के बीच में पढ़ाई छोड़ने पर पूरी शुल्क देना अनिवार्य होगा।
3. महाविद्यालय संपूर्ण रूप से स्ववित्तीय योजना पर आधारित है। अतः शुल्क संबंधी समस्त अधिकार महाविद्यालय संचालिका समिति के पास सुरक्षित है एवं उनकी तुलना किसी शासकीय या अशासकीय संस्था से नहीं की जानी चाहिए।
4. महाविद्यालय में जमा की गई शुल्क वापस नहीं होगी।
5. विश्वविद्यालय वार्षिक परीक्षा के पूर्व सभी शुल्क जमा करना अनिवार्य है।
6. अवधान राशि (कॉशनमनी) महाविद्यालय छोड़ने के समय मूल रसीद व आवेदन देकर प्राप्त कर सकते हैं। अधिकतम तीन वर्ष के भीतर जमा अवधान राशि का भुगतान किया जा सकता है।

# प्रवेश के समय निम्न अभिलेख जमा करना अनिवार्य

1. 10वीं तथा 12वीं उत्तीर्ण अंकसूची की 2-2 प्रमाणित फोटो कॉपी।
2. आधार कार्ड की प्रतिलिपि
3. बैंक खाता संबंधी जानकारी (छात्रवृत्ति हेतु)
4. जाति प्रमाण पत्र
5. मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र – टी सी।
6. प्रवेश के समय टी सी जमा नहीं करने पर पूरे कोर्स की शुल्क एक साथ जमा करना होगा।
7. छत्तीसगढ़ के बाहर उत्तीर्ण छात्राओं के लिए प्रवेश के समय

   (अ) माईग्रेशन प्रमाण पत्र मूल प्रति तथा एक फोटो कॉपी।

   (ब) विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र मूलप्रति तथा एक फोटो कॉपी।
8. अंतराल होने पर अंतराल प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा एक फोटो कॉपी प्रमाण पत्र की।
9. नाम परिवर्तन करने पर – मूल शपथ पत्र साथ ही नाम परिवर्तन फार्म व शुल्क 150 रू. अतिरिक्त।
10. उम्र अधिकतम 25 वर्ष – स्नातक प्रथम वर्ष के लिए।
11. चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
12. पूरक प्राप्त छात्राओं को प्रवेश की अंतिम तिथि के पूर्व अस्थायी प्रवेश लेना आवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश देने के लिये महाविद्यालय बाध्य नहीं होगा।



# पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

महाविद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए निम्नलिखित पाठ्येत्तर गतिविधियों का प्रावधान है–

1. **छात्रसंघ या छात्र परिषद का गठन** – विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अनुसार छात्रसंघ का गठन किया जायेगा। किन्हीं कारणों से छात्रसंघ के गठन न होने पर छात्र परिषद गठित की जायेगी जिसके संपोषक प्राचार्य होंगें प्राचार्य द्वारा मनोनित प्राध्यापक इसका संचालन करेंगे।

2. **वाणिज्य परिषद, विज्ञान परिषद एवं कम्प्यूटर परिषद का गठन** – प्राचार्य के अनुमति से इन परिषदों का गठन किया जायेगा। प्राचार्य एवं प्रभारी प्राध्यापको के निर्देशन में यह समितिया कार्य करेगी।

3. **क्रीड़ा व्यवस्था** – क्रीड़ा अधिकारी एवं सहयोगी प्राध्यपको के मार्गदर्शन में छात्राओं के लिए विभिन्न खेलकूद की व्यवस्था की जायेगी। विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समय – समय पर आयोजन क्रीड़ा प्रतियोगितायों में महाविद्यालय के चुनी हुई छात्रायें हिस्सा लेंगीं। वार्षिक खेल दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। आवश्यकतानुसार विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धा के लिए चुने गये खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जायेगी। महाविद्यालय द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार प्रदाय किये जाने का प्रावधान है।

4. **एन.एस.एस.** – महाविद्यालय में एन.एस.एस. की इकाई का संचालन प्रभारी प्राध्यापक द्वारा किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 100 छात्राओं की इकाई का गठन किया जाता है। महाविद्यालय द्वारा भरसक प्रयास किया जायेगा की प्रौढ़ शिक्षा की इकाई स्थापित कर समाज को साक्षर बनाने में छात्राओं को दायित्व निर्वहन का अवसर मिल सके। एन.एस.एस. के शिविर में भाग लेना अनिवार्य होगा।

5. **छात्रवृत्तियां** – शासन द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के लिए मान्य छात्रवृत्ति का लाभ नियमानुसार अध्ययनरत् नियमित छात्राओं को प्राप्त होगा। शासन के निर्देशानुसार ऑन–लाईन आवेदन भरना होगा, छात्रवृत्ति हेतु इस वर्ष से आधार नम्बर आवश्यक है। अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, केन्द्रीय छात्रवृत्ति तथा शासन की अन्य नीतियों के अनुसार छात्रायें लाभान्वित होती हैं।

6. **वार्षिक युवा उत्सव** – संस्था में प्रतिवर्ष युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। प्रभारी प्राध्यापको के मार्गदर्शन में युवा समारोह प्रति वर्ष 31 दिसम्बर के पूर्व सम्पन्न हो जायेगा। युवा उत्सव के लिए निर्धारित बजट के अनुसार ही राशि व्यय करने की व्यवस्था होगी।

7. **पुरस्कार वितरण समारोह** – अध्येताओं के चहुंमुखी विकास के लिये उनके द्वारा अर्जित विभिन्न क्षेत्रों में प्रावीण्यता के आधार पर महाविद्यालय द्वारा उनके लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाता है।

8. **महाविद्यालयीन या संस्थागत छात्रवृत्तियां** – खेलकूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं होनहार मेधावी निर्धन छात्राओं को योग्यता के आधार पर संस्था द्वारा छात्रवृत्ति दिये जाने का प्रावधान है। इस हेतु आय प्रमाण पत्र आवश्यक है, किसी भी स्थिति में एक छात्रा दो छात्रवृत्तियों के लिये पात्र नहीं है।

9. **शिकायत निवारण प्रकोष्ठ** – महाविद्यालय में शिकायत पेटी तथा शिकायत प्रकोष्ठ उपलब्ध है। छात्राएँ प्रभारी प्राध्यापकों से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। सत्यापन पश्चात् सही शिकायत पर उचित कार्यवाही की जाती है।

10. **आंतरिक मूल्यांकान परीक्षा** – विश्वविद्यालय की अधिसूचना एवं शैक्षणिक मूल्यांकन का आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया जाता है समस्त छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यकाही के लिए महाविद्यालय प्रबंधक अधिकृत है।

11. सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधि– संस्था में प्रतिवर्ष स्वागत समारोह, बिदाई समारोह, अंतर्कक्षीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के व्यक्तिगत एवं बौद्धिक विकास हेतु विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। समय – समय पर कैरियर काउंसिलिंग हेतु कार्यशाला आयोजन किया जाता है। कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा इन कार्यक्रमों की व्यवस्था की जाती है।

12. **Remedial Classes** – महाविद्यालयीन तथा अन्य महाविद्यालय के छात्राओं के लिए विषयवार Remedial कक्षाओं का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा किया जाता है। इन कक्षाओं का आयोजन पूर्णतः निःशुल्क होगा।

13. **Alumini Association** – महाविद्यालयीन भूतपूर्व छात्राओं को अध्ययन उपरांत महाविद्यालय से जोड़े रखने हेतु Alumini Association का गठन किया गया है। भूतपूर्व छात्राएँ इस Association की सदस्यता नियमानुसार ले सकती है। प्रभारी प्राध्यापकों के पास विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। प्रतिवर्ष भूतपूर्व छात्राओं के लिए Alumini Meet का आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

14. महाविद्यालयीन वार्षिक पत्रिका – "अरूणिता" का प्रकाशन छात्राओं के साहित्यिक एवं बौद्धिक विकास हेतु प्रतिवर्ष किया जाता है। इस पत्रिका में छात्राओं द्वारा रचित मौलिक रचनाओं का प्रकाशन किया जाता है।

15. शोध पत्रिका – "गुरूकुल शोध सृजन" महाविद्यालय द्वारा द्वि भाषीय, बहुविषयक, वार्षिक शोध पत्रिका का प्रकाशन, छात्राओं में विषय के प्रति रूचि तथा शोध के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से किया जाता है।






# अनुशासन एवं नियम

1. महाविद्यालय परिसर में छात्राओं का आचरण एवं व्यवहार महाविद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप रहें।
2. महाविद्यालय की छात्राओं से अपेक्षा है कि वे हिंसा, आतंक, धार्मिक, उन्माद, नशाखोरी, असामाजिक एवं अनैतिक गतिविधियों से दूर रहें, अन्यथा आरोपों के प्रमाणित होने पर उन्हें महाविद्यालय से तत्काल निष्कासित कर दिया जायेगा। इसके तहत उनका निलंबन, निष्कासन, विश्वविद्यालय अधिनियम के मध्यादेश ७ की धारा १३ के अनुसार है।
3. महाविद्यालय की संपत्ति की सुरक्षा एवं स्वच्छता प्रत्येक विद्यार्थी का कर्त्तव्य होगा। इसे नुकसान पहुंचाना वर्जित है। दोषी पाये जाने पर यथोचित दंड दिया जा सकता है।
4. महाविद्यालय के समस्त कार्यक्रमों में छात्राओं की सहभागिता आवश्यक है।
5. निरंतर 20 दिनों से अधिक अनुपस्थित रहने पर अथवा निश्चत तिथि पर या उसके पूर्व शुल्क जमा नहीं करने पर उपस्थिति पत्रक से छात्रा का नाम स्वतः निरस्त माना जायेगा। अर्थदण्ड 100 रू. जमा करने पर प्राचार्य का अनुमति से पुनः नाम दर्ज किया जा सकेगा।
6. अनुशासनहीनता, लगातार अनुपस्थिति, शुल्कों का नियमित जमा नहीं करना असंतोषजनक आचरण, रैगिग आदि के कारण प्राचार्य किसी भी छात्रा का नाम महाविद्यालय के सूची से काटने में सक्षम है।
7. अध्येताओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आते समय परिचय पत्र (आई कार्ड) साथ में रखना अनिवार्य है। परिचय पत्र के बिना महाविद्यालय आने पर 10 रू. अर्थदण्ड देना होगा। परिचय पत्र में पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो लगाया जावें। यह एक सत्र के लिए वैध होगा एवं उत्तीर्ण होने पर नवीनीकरण कराना होगा। परिचय पत्र खो जाने पर या नष्ट हो जाने पर 20 रू. कार्यालय में जमा कर नया परिचय पत्र बनवाया जा सकेगा।
8. छात्राओं को सायकल, स्कूटर्स या वाहन स्टैण्ड पर रखना अनिवार्य है। अन्यत्र रखने पर अर्थदण्ड लगाया जा सकता है। यदि अन्यत्र रखा वाहन चोरी हो जाता है तो महाविद्यालय का कोई दायित्व नहीं होगा तथा महाविद्यालयीन समयावधि के की समाप्ति के पश्चात् सायकल स्टैण्ड में रखे वाहनों के प्रति महाविद्यालय प्रशासन कोई दायित्व नहीं होगा।
9. छात्राओं के लिए समुचित सुविधा सम्पन्न छात्रा कक्ष है। खाली पीरियेड में उसका उपयोग किया जा सकता है। महाविद्यालय परिसर में घुमने वाले अथवा अध्यापन के दौरान कक्षा से बाहर रहने वाली छात्राओं पर अनुशासन भंग की कार्यवाही की जा सकती है।
10. छात्राओं का अध्ययन हेतु निर्धारित समय पर कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहना आवश्यक है।
11. महाविद्यालय परिसर में अध्ययन अवधि के दौरान मोबाईल या सेल फोन प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि इस अवधि में छात्रा के द्वारा मोबाईल फोन का प्रयोग करते पाया गया तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
12. महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष जनवरी माह में आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमें सभी छात्राओं को पूरे विषय में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
13. अंग्रेजी माध्यम की छात्राओं के लिए महाविद्यालय द्वारा अंग्रेजी भाषा में ही अध्यापन होगा तथा नोट्स भी अंग्रेजी में ही प्रदान कियें जायेंगे।
14. रैगिंग एवं दंडनीय अपराध है। इस संबंध में छ.ग. शासन द्वारा अधिनियम 2001 जारी किया गया है, जो राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में रैगिंग तथा उससे संबंधित मामलों के निवारण हेतु है। महाविद्यालय में पूर्णतः रैगिंग प्रतिबंधित है। रैगिंग के उपबंधों का उल्लघंन करने पर नियमानुसार दंड का प्रावधान है।

# उपस्थिति संबंधी विश्वविद्यालय के नियम

विश्वविद्यालय अधिनियम 1947 के अधीन अध्यादेश क्रमांक 6 के अनुसार महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थीयों को विश्वविद्यालयीन परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता के लिये 75% उपस्थिति आवश्यक है। इस नियम का पालन दृढ़ता से किया जाना है। पालक भी इसकी जानकारी नोट करें। नियम का पालन न होने पर प्राचार्य व विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएँ :

### 1. नामांकन संबंधी नियम :

अ. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले समस्त छात्राओं का नामांकन (वि.वि. में पंजीयन) अति आवश्यक है।

ब. वि. वि. के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि तक ऑन-लाईन आवेदन भरकर आवश्यक अभिलेख (10वीं, 12वीं की अंकसूची, पात्रता आदि) के साथ नामांकन आवेदन फार्म कार्यालय में जमा करना होगा।

स. अध्ययन में अंतराल होने पर भी नामांकन का नवीनीकरण आवश्यक है।

द. अन्य वि. वि. से परीक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिये भी नामांकन आवश्यक है।

इ. अमहाविद्यालयीन छात्रायें यदि नियमित प्रवेश लेती हैं, तो उस दशा में भी नामांकन आवश्यक है।

### 2. पात्रता संबंधी नियम :

पं. रविशंकर शुल्क विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार निम्नलिखित छात्राओं को विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर ही प्रवेश दिया जायेगा।

अ. छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित 10+2 बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण को छोड़कर अन्य बोर्ड या प्रीडिग्री यूनिवर्सिटी परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्राओं को इस विश्वविद्यालय से प्रवेश के पूर्व पात्रता प्रमाण पत्र बनवाना होगा।

ब. छत्तीसगढ़ के बाहर के विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को भी पात्रता प्रमाण पत्र लाने पर प्रवेश दिया जा सकेगा।







# ग्रंथालय नियमावली

महाविद्यालय के पुस्तकालय हेतु निम्नलिखित नियम प्रचलित है, जिनका परिपालन विद्यार्थियों को करना नितांत आवश्यक है।

1. ग्रंथालय में पुस्तकें लायब्रेरी कार्ड प्रस्तुत करने पर ही दी जाएगी।
2. पुस्तकालय में जिस पुस्तक की एक ही प्रति उपलब्ध रहेगी उस पुस्तक को पुस्तकालय में रहकर ही पढ़ा जा सकता है। उसे गृह अध्ययन के लिये नहीं दिया जा सकेगा।
3. प्रत्येक विद्यार्थी को एक समय में गृह अध्ययन के लिये 2 पुस्तकें 7 दिनों के लिये दी जायेगी, जिसकी वापसी निश्चित समय पर नहीं करने की स्थिति में 5 रू. प्रतिदिन के हिसाब से दण्ड स्वरूप लिया जायेगा।
4. महाविद्यालय में गृह अध्ययन के लिये दी गई पुस्तकों के अतरिक्त प्रातः 9 से 1 बजे तक पुस्तकालय में पढ़ने की व्यवस्था भी रहेगी। इस अवधि में पुस्तक देना व जमा भी करना होगा।
5. महाविद्यालय में गृह अध्ययन के लिए अथवा पुस्तकालय में पढ़ने के लिए दी जाने वाली पुस्तकों की जांच, पुस्तक लेने के पूर्व ही विद्यार्थी कर लें। बाद में पाये जाने वाली त्रुटियों के लिए अर्थदण्ड देना होगा।
6. यदि किसी विद्यार्थी अथवा अध्यापक के द्वारा कोई पुस्तक गुमा दी जाती है या फाड़ दी जाती है तो उसे उस पुस्तक की नई प्रति बाजार से खरीदकर लौटानी होगी। पुस्तक बाजार में नहीं होने पर पूर्ण कीमत की दुगुनी राशि जमा करना होगा।
7. परीक्षा पूर्व सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालय की पुस्तकें लौटाकर पुस्तकालय प्रभारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है।

फोन : 0771-4053443
फैक्स : 0771-4036032

# गुरूकुल महिला महाविद्यालय

छत्तीसगढ़ शासन तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से संबंध
गुरूकुल परिसर, कालीबाड़ी रोड, रायपुर (छ.ग.) ई-मेल : info@gurukulraipur.com
संचालित भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति, गांधी चौक, रायपुर (छत्तीसगढ़) पंजीयन क्रं. 16/51-52

## ACADEMIC CALENDAR OF SESSION 2020-21

### ADMISSION

**Graduation**

- (a) 1st Year — 01/08/2020 To 30/01/2021
- (b) For 2nd Year & 3 Rd Year — 01/09 /2020 To 30/01/2021

**Post-Graduation** (Degree / Diploma)

- (a) Ist Semester — 27/11 /2020 To 30/01/2021
- (b) IIIrd Semester — 27/11 /2020 To 30/01/2021

### TIMINGS

- (a) Teaching Staff — 07:30 AM To 01:30 PM
- (b) Office Staff — 09:00 AM To 03:00 PM

### COMMENCEMENT OF CLASSES

**Graduation**

- (a) 1st Year — 01/11/2020
- (b) For 2nd Year & 3 rd Year — 15/11/2020

### WELCOME PARTY

Due to pandemic depends on corona guidelines.

### STUDENT UNION ELECTION

In accordance with University Notification.

### TEACHING DAYS

| NOV 2020 | DEC 2020 | JAN 2021 | FEB 2021 | MAR 2021 | APR 2021 | MAY 2021 | JUN 2021 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 23 | 25 | 24 | 25 | 22 | 24 | 25 |

### VACATIONS

- (1) Dashahara Vacation — 24/10/2020 To 26/10/2020
- (2) Deepawali Vacation — 12/11/2020 To 15 /11/2020
- (3) Winter Vaca tion — 24/12/2020 To 26/12/2020
- (4) Summer Vacation — 16/06/2021 To 30/06/2021

### SPORTS AND CULTURAL ACTIVITY

- (1) Sports : As per sports calendar of Higher Education.
- (2) Cultural Activity : Due to pandemic depends on
- (3) Annual Day : corona guidelines.

### NSS ACTIVITY

- (1) Plantation : 16/06/2020 To 16/08/2020
- (2) Regular Activity : 01/07/2020 To 30/05/2021
- (3) Special Camp : Due to pandemic depends on corona guidelines

### INTERNAL E XAM

01/01/2021 To 30/03 /2021

### PRACTICAL EXAM

15/03/2021 To 31/03/2021

### ANNUAL EXAM

In accordance with Time Table declared by University.



(प्रथम पंक्ति में - दायें से) डॉ. वंदना अग्रवाल, डॉ. अमिता तेलंग, डॉ. सीमा चन्द्राकर, प्राचार्य डॉ. संध्या गुप्ता, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. रिंकु तिवारी, श्रीमती अदिति जोशी

(द्वितीय पंक्ति में - दायें से) डॉ. पदमा सोमनाथे, डॉ. सिमरन आर. वर्मा, डॉ. सीमा साहू, डॉ. दीपशिखा शर्मा, आशिया परवीन, श्रीमती आकांक्षा राठौर, श्रीमती रुकमणी दिग्रस्कर, पूनम कटंकार, सोनल पंडा, देवश्री वर्मा, अंजली देवांगन, श्रीमती कविता सिलवाल

(तृतीय पंक्ति में - दायें से) श्रीमती मोनिका साहू, श्रीमती सारिका देवांगन, अंशिका दुबे, मनीषा कटारिया, श्रीमती टीनू दुबे, शुभांगी दुबे, राजनंदिनी साहू

(चौथी पंक्ति में - दायें से) श्रीमती रेणु गिडियन, श्रीमती संगीता साहू, श्री सुधाकर प्रसाद मिश्रा, श्री मनोज कुमार साहू, श्री कमलेश्वर निर्मलकर, श्री हरीश साहू

(पाचवी पंक्ति में - दायें से) श्री छबिराम साहू, श्री गौकरण साहू, श्री रामा साहू, श्री वैभव सिंह ठाकुर, श्री शैलेन्द्र यादव, श्री प्रवीण बंछोर, श्री प्रशांत पान्डे

# महाविद्यालय परिवार

**प्राचार्य: डॉ. संध्या गुप्ता**

## वाणिज्य विभाग

डॉ. राजेश अग्रवाल - संकायाध्यक्ष, वाणिज्य
डॉ. पद्मा सोमनाथे - सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य
श्रीमती कविता सिलवाल - सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य
श्रीमती रात्रि लहरी - सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य
श्रीमती मोनिका साहू - सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य
श्रीमती आकांक्षा राठौर - सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य
डॉ. सारिका देवांगन - सहा. प्राध्यापक, वाणिज्य

## विज्ञान विभाग

डॉ. वंदनाअग्रवाल - संकायाध्यक्ष, विज्ञान
सुश्री आशिया परवीन - सहा. प्राध्यापक, रसायन विज्ञान
डॉ. मेघा अग्रवाल - सहा. प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान
सुश्री देवी श्रीवर्मा - सहा. प्राध्यापक, जंतु विज्ञान
श्रीमती सोनल पांडा - सहा. प्राध्यापक, जंतु विज्ञान
कु. शुभांगी दुबे - सहा. प्राध्यापक, भौतिक षास्त्र
कु. राजनंदनी साहू - सहा. प्राध्यापक, भौतिक षास्त्र
कु. मनीशा कटारिया - सहा. प्राध्यापक, गणित
श्रीमती टीनू दुबे - सहा. प्राध्यापक, गणित
कु. अंजली देवांगन - सहा. प्राध्यापक, गणित

## भाषा विभाग

डॉ. सीमा चन्द्राकर - सहा. प्राध्यापक, हिन्दी
डॉ. सिमरन वर्मा - सहा. प्राध्यापक, अंग्रेजी

## क्रीड़ा विभाग

डॉ. रिन्कु तिवारी - क्रीड़ा अधिकारी

## कम्प्यूटर विभाग

डॉ. अमिता तेलंग - संकायाध्यक्ष, कम्प्यूटर
डॉ. दीपशिखा शर्मा - सहा. प्राध्यापक, कम्प्यूटर
श्रीमती रुकमणी दिग्रस्कर - सहा. प्राध्यापक, कम्प्यूटर
श्री हरीश साहू - सहा. प्राध्यापक, कम्प्यूटर
कु. अंशिका दुबे - सहा. प्राध्यापक, कम्प्यूटर
कु. पूनम कंटकर - सहा. प्राध्यापक, कम्प्यूटर

## ग्रंथालय

श्रीमती अदिति जोशी - ग्रंथपाल
कु. रुचि देवांगन - बुक लिफ्टर

## अशैक्षणिक कर्मचारी

श्रीमती रेणु गिडियन - लिपिक
श्री प्रशांत पांडे - लिपिक
श्री शैलेन्द्र यादव - लिपिक
श्री मनोज कुमार साहू - कार्यालय सहायक
श्री कमलेश्वर निर्मलकर - विज्ञान प्रयोगशाला सहायक
श्री वैभव सिंह ठाकुर - कम्प्यूटर लैब टेक्निशीयन
श्री छविराम साहू - भृत्य
श्री गौकरण साहू - भृत्य
श्री प्रवीण बंछोर - भृत्य
श्री सुग्रीव गंधर्व - फर्राश
श्री शिव - सफाई कर्मचारी
श्री विद्या मोंगरे - साइकल स्टैण्ड कीपर



# FEE SCHEDULE 2020-2021

| S. No. | PARTICULAR | B.Sc I | | B.COM I | | M.COM | Computer Course | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | A. COLLEGE HEAD | PCBZ/ PCM | PM CS | WITH COMP. | WITHOUT COMP. | I/II/III/IV SEMESTER | BCA I | DCA | PGDCA |
| | Activity Fund | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| | Admission Fee | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 |
| | Afiliation Fees | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| | Bank Charges | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| | Caution Money (Refundable) | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 |
| | Cycle Stand | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 |
| | Development Fund | 400 | 400 | 400 | 400 | 400 | 400 | 400 | 400 |
| | Enrollment Fees | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 | 150 |
| | Card | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| | Science Lab Fund | 1000 | 1000 | 1000 | --- | --- | 1000 | 1000 | 1000 |
| | Library Fund | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 |
| | Magazine Fees | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 |
| | Online Processing Fees | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 |
| | Other Fees | 260 | 260 | 260 | 260 | 260 | 260 | 260 | 260 |
| | Physical Welfare | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 |
| | **TOTAL FEES** | 4500 | 4500 | 4500 | 3500 | 3500 | 4500 | 4500 | 4500 |
| | (B) Ist Installment (Maintenance Fees) | 4500 | 5500 | 4500 | 4000 | 8500 | 8500 | 4500 | 8500 |
| | **TOTAL** | 9000 | 10000 | 9000 | 7500 | 12000 | 13000 | 9000 | 13000 |
| | (C) IIND Installment (Till 31 December) | 3000 | 3000 | 3000 | 3000 | 8000 | 8000 | 3000 | 8000 |
| | **GRAND TOTAL FEES** | 12000 | 13000 | 12000 | 10500 | 20000 | 21000 | 12000 | 21000 |



# FEE SCHEDULE 2020-2021

| S. No. | PARTICULAR | B.Sc II/III | | B.COM II/III | | Computer Course |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A. COLLEGE HEAD | | PCBZ/PCM | PM CS | WITH COMP. | WITHOUT COMP. | BCA II/III |
| | Activity Fund | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| | Admission Fee | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 |
| | Afiliation Fees | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| | Bank Charges | 20 | 20 | 20 | 20 | 20 |
| | Cycle Stand | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 |
| | Development Fund | 400 | 400 | 400 | 400 | 400 |
| | Card | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 |
| | Science Lab Fund | 1000 | 1000 | 1000 | --- | 1000 |
| | Library Fund | 300 | 300 | 300 | 300 | 300 |
| | Magazine Fees | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 |
| | Online Processing Fees | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 |
| | Other Fees | 260 | 260 | 260 | 260 | 260 |
| | Physical Welfare | 120 | 120 | 120 | 120 | 120 |
| TOTAL FEES | | 4050 | 4050 | 4050 | 3050 | 4050 |
| (B) Ist Installment (Maintenance Fees) | | 3500 | 4500 | 3500 | 3500 | 8000 |
| TOTAL | | 7550 | 8550 | 7550 | 6550 | 12050 |
| (C) IIND Installment (Till 31 December) | | 3500 | 3500 | 3500 | 3500 | 8500 |
| GRAND TOTAL FEES | | 11050 | 12050 | 11050 | 10050 | 20550 |



# महाविद्यालय की गतिविधियाँ


























# भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति

गुरूकुल परिसर, कालीबाड़ी पथ, रायपुर (छ.ग.)

# संचालिका समिति

| | | |
|---|---|---|
| श्री तरल मोदी | – | अध्यक्ष |
| श्री अजय तिवारी | – | उपाध्यक्ष |
| श्रीमती शोभा खण्डेलवाल | – | सचिव |
| श्री उत्तम चंद जैन | – | सदस्य |
| श्री बी.डी. द्विवेदी | – | सदस्य |
| श्री शेखर सेन | – | सदस्य |
| श्रीमती श्वेता सेन | – | सदस्य |
| श्रीमती आई. वाल्टर | – | सदस्य |
| श्री एन.जी. रॉय | – | सदस्य |
| श्री देवाशीष रॉय | – | सदस्य |
| श्री आर. के. गुप्ता | – | सदस्य |
| श्री एस.एन. भट्टाचार्य | – | सदस्य |
| श्री शांति बरड़िया | – | सदस्य |
| श्री गोपाल जनस्वामी | – | सदस्य |
| श्री डी. के घोष | – | सदस्य |
| श्री नरेश चंद्र गुप्ता | – | सदस्य |
| श्रीमती अरूणिमा निगम | – | सदस्य |












(भातखण्डे ललितकला शिक्षा समिति द्वारा संचालित)

# गुरूकुल महिला महाविद्यालय

गुरुकुल परिसर, कालीबाड़ी पथ, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-4053443

E-mail : info@gurukulraipur.com

Website : www.gurukulraipur.com

salujagraphix#9300222119